भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 27 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 13 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## देवगांव में छिपे थे दो साल से फरार ईनामी बदमाश, पुलिस ने दबिश देकर दबोचा

### हत्या के प्रयास के चारों आरोपी गिरफ्तार, हर एक पर 10 हज़ार का इनाम था घोषित

भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी

**(दिलखुश मोटीस)।** केकड़ी थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के चार वांछित ईनामी बदमाशों को देवगांव से गिरफ्तार किया है । ये आरोपी दो वर्षों से फरार चल रहे थे और परिजनों से मिलने चुपचाप गांव लौटे थे।

मुखबिर की सूचना पर हुई घेराबंदी, और तत्परता से कार्रवाई कर चारों को पकड़ लिया गया। यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर चल रहे वांछित अपराधी धरपकड़




अभियान के तहत की गई।

पुलिस ने बताया की 16 अक्टूबर 2023 को देवगांव निवासी शैतान माली अपनी होटल पर काम कर रहा था, तभी करीब आठ युवक हथियार लेकर पहुंचे और जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट के दौरान पीड़ित की जेब से ?30,000-?35,000 की नकदी भी लूट ली गई थी। इसी मामले के अनुसंधान में पुलिस ने खुर्शीद पुत्र फैज मोहम्मद (25), शहजाद पुत्र इस्लाम (26), सद्दाम उर्फ कालू पुत्र कमाल (30), शहजाद पुत्र सदीक (26) निवासी देवगांव, थाना केकड़ी शहर, जिला अजमेर को हिरासत में लिया है । चारों आरोपियों पर ?10-10 हजार का इनाम घोषित था। ये लंबे समय से फरारी काट रहे थे और पुलिस को चकमा दे रहे थे।

## चाय पीकर लौट रहे दो युवकों को ट्रेलर ने मारी टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

कामा बाइपास पर शुक्रवार रात दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक ट्रेलर की चपेट में आ गए, जिसमें एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद गुस्साए परिजनों ने ट्रेलर का पीछा भी किया, लेकिन चालक ने उन पर भी वाहन चढ़ाने की कोशिश की।

कामा निवासी बबलू ने बताया कि उसके काका दिनेश रेगर पुत्र चुन्नीलाल व साथी सागर धाकड़ पुत्र हीरानंद निवासी गणेशपूरा, रात 9 बजे चाय पीकर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान चौराहे के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रेलर ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के समय परिजन भी



आसपास मौजूद थे, जिन्होंने ट्रेलर का पीछा किया, लेकिन चालक ने उन पर भी वाहन चढ़ाने का प्रयास किया।दोनों घायलों को तुरंत कस्बे के उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। रास्ते में ही दिनेश ने दम तोड़ दिया, जबकि सागर की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस मामले की जाँच में जुटी है ।

## प्रेम प्रसंग में वकील को गोली मारकर प्रेमी ने की खुदकुशी

### महिला वकील की हालत नाजुक तलाक को लेकर हुआ विवाद, सिर में गोली मारकर किया हमला

भीलवाड़ा फोकस @ कोटा

आरकेपुरम में शुक्रवार रात मुकंदरा वन विभाग ऑफिस के पास एक सनसनीखेज घटना में युवक ने पहले महिला वकील को गोली मारी और फिर खुद को भी शूट कर लिया। घटना में करण गुर्जर (32) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पूर्वा शर्मा (29) को गंभीर हालत में न्यू मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के अनुसार गोली सिर के पिछले हिस्से में फंसी है, जल्द ऑपरेशन किया जाएगा।

डीएसपी मनीष शर्मा ने बताया की पूर्वा और करण पिछले 2-3 वर्षों से प्रेम संबंध में थे। तीन महीने पहले करण की शादी हो गई थी, जिसके बाद दोनों के बीच तनाव चल रहा था। शुक्रवार रात तलाक को लेकर बातचीत हो रही थी, तभी करण ने गुस्से में आकर स्कूटी रोककर पूर्वा के सिर में पीछे से गोली मार दी और खुद को भी शूट कर लिया।

पुलिस ने मौके से एक अवैध पिस्टल बरामद की है, जिससे फायरिंग की गई थी। पुलिस पिस्टल की सप्लाई व स्रोत की जांच में जुटी है।

एफएसएल टीम ने रात 1 बजे पहुंचकर मौके से खून, स्कूटी और पिस्टल के साक्ष्य जुटाए।

मृतक करण पर पहले से 3-4 आपराधिक केस दर्ज हैं और उसका पिता जयदेव गुर्जर कैथून थाने का हिस्ट्रीशीटर है। करण वर्तमान में महावीर नगर, कोटा में रह रहा था और मूल रूप से कैथून कस्बा निवासी था।

पुलिस ने बताया की पूर्वा दादाबाड़ी क्षेत्र की रहने वाली है। हाल ही में उसकी एलएलबी पूरी हुई थी और



वह कोटा कोर्ट में एक वरिष्ठ वकील के अधीन प्रैक्टिस कर रही थी। उसकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है और वह अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है। पूर्वा के पिता संजय शर्मा की ओर से आरकेपुरम थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है। सुरक्षा को देखते हुए अस्पताल में दो जवान तैनात किए गए हैं।

घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

## तेज रफ्तार बजरी व लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, मां-बेटे सहित तीन घायल



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले के बड़लियास थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में बजरी और लकड़ी से लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टरों की चपेट में आने से बाइक सवार मां-बेटे सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा गेंदलिया और रेणवास के बीच हुआ, जहां तेज गति से दौड़ते दो ट्रैक्टरों की आपसी भिड़ंत के दौरान एक बाइक चपेट में आ गई।

घायलों में गेंदलिया निवासी मैना देवी पत्नी शंकर लोहार (28), उनका छह वर्षीय पुत्र माहिर, और शंकर पिता कैलाश लोहार (22) शामिल हैं। तीनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लाया गया, जहां से माहिर को गंभीर स्थिति में निजी अस्पताल रेफर किया गया। मैना देवी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि शंकर का इलाज जारी है।

हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए और क्षेत्र में खुलेआम हो रहे अवैध बजरी खनन को लेकर नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने बताया कि बजरी और लकड़ी से लदे ट्रैक्टर बेलगाम गति से दौड़ते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसा इतना भयानक था कि ट्रैक्टरों के आगे के पहिए टक्कर के बाद टूटकर अलग हो गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गए। सूचना पर बड़लियास थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जाँच शुरू की है ।

## टोल टैक्स पूरा, लेकिन सुविधाएं नदारद – हाईवे 758 पर यात्री बेहाल







भीलवाड़ा फोकस @ गुरलां

राष्ट्रीय राजमार्ग 758 पर मुजरास टोल नाके से गुजरने वाले वाहन चालकों को जहां टोल शुल्क तो पूरा चुकाना पड़ रहा है, वहीं सुविधाएं आधी-अधूरी मिलने से वे खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। न टोल शुल्क की स्पष्ट जानकारी है, न ही गंतव्यों की दिशा बताने वाले संकेतक बोर्ड। मुजरास टोल नाके पर टोल चार्ट नदारद है, जिससे वाहन चालक यह तक नहीं जान पाते कि किस श्रेणी के वाहन पर कितना शुल्क लिया जा रहा है। टोल की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं।

### दिशा सूचक बोर्ड अधूरा, गंतव्य शहरों के नाम गायब

टोल नाके से लगभग 5 किलोमीटर दूर दिशा संकेतक बोर्ड पर प्रमुख शहरों के नाम ही गायब हैं। इससे राहगीरों और पर्यटकों को गंतव्य की दिशा पहचानने में भारी दिक्कत हो रही है।

### तीन माह से बिगड़ा हाल, कोई सुध लेने वाला नहीं

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति लगभग तीन-चार महीनों से बनी हुई है, लेकिन अब तक न तो टोल प्रबंधन ने और न ही हाईवे अथॉरिटी ने कोई कदम उठाया है। हर दिन हजारों वाहन गुजरते हैं, लेकिन व्यवस्था में सुधार के नाम पर केवल खामोशी है।

### जनता का सवाल–जब सुविधा अधूरी है तो शुल्क क्यों पूरा लिया जा रहा है?

लोगों का कहना है कि यदि टोल टैक्स वसूला जा रहा है तो उसके बदले यात्रियों को पूरी सुविधाएं मिलनी चाहिए। पारदर्शिता, दिशा संकेतक, साइन बोर्ड जैसी बुनियादी चीजें भी यदि उपलब्ध नहीं हैं, तो यह आमजन के साथ खुला अन्याय है।

### मांग–शुल्क सूची और दिशा संकेतक तत्काल लगाए जाएं

स्थानीय निवासियों और यात्रियों ने टोल व हाईवे अधिकारियों से तत्काल शुल्क चार्ट लगाने और दिशा सूचक बोर्ड को पूर्ण करने की मांग की है, ताकि सफर सुरक्षित, सुगम और पारदर्शी हो सके।

## जहाजपुर पुलिस की कार्रवाई : 64 किलो 280 ग्राम अवैध डोडा चूरा के साथ तस्कर गिरफ्तार



भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर

थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 64 किलो 280 ग्राम डोडा चूरा जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। साथ ही तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार को भी जब्त किया गया। पुलिस द्वारा ये कार्रवाई नशा विरोधी अभियान के तहत थानाधिकारी राजकुमार नायक के नेतृत्व में की गई है । थानाधिकारी राजकुमार नायक ने बताया की पुलिस द्वारा भुतेश्वर महादेव-शक्करगढ़ रोड पर नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान शक्करगढ़ की ओर से आ रही एक स्विफ्ट डिजायर कारको रोका गया। पूछताछ में चालक ने अपना नाम दीनदयाल पिता भेंपाराम , उम्र 39 वर्ष, निवासी भोल जी की ढाणी , जोधपुर बताया। इस दौरान कार की तलाशी में पीछे की सीट पर रखे कट्टे में डोडा चुरा और डिग्गी में रखे 3 सफेद कट्टों में अवैध डोडा चूरा भरा मिला, जिसका कुल वजन 64 किलो 280 ग्राम निकला। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेते हुए एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की है ।

CMYK

# नहर में गिरने से युवक की मौत , आवरी माता मंदिर के पास हुआ हादसा, दीवार पर बैठते समय बिगड़ा संतुलन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

प्रतापनगर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में युवक की नहर में गिरने से मौत हो गई। यह हादसा आवरी माता मंदिर के पास उस समय हुआ जब युवक दीवार पर बैठा हुआ था और संतुलन बिगड़ने से वह नहर में जा गिरा। राह चलते लोगों ने जब युवक को नहर में गिरते देखा तो उसे बचाने के प्रयास शुरू कर दिए। साथ ही प्रतापनगर थाना पुलिस को भी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से युवक को बाहर निकलवाया और तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

इस दौरान अस्पताल में तैनात चिकित्सक ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया।

प्रतापनगर थाना प्रभारी सुरजीत ने बताया कि मृतक की पहचान मंगल सिंह (50) पुत्र उम्मेद सिंह के रूप में हुई, जो आवरी माता क्षेत्र में छात्रावास के पीछे रहता था।

परिजनों ने किसी भी तरह की कार्रवाई व पोस्टमॉर्टम करवाने से इनकार कर दिया है । जिसके बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया गया है । पुलिस मामले की जांच में जुटी है

# हरिशेवा धाम में सामाजिक समरसता पर संवाद

## केंद्रीय मंत्री देवजी भाई पटेल व विहिप पदाधिकारियों ने लिया महामंडलेश्वर हंसराम का आशीर्वाद





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

हरिशेवा उदासीन आश्रम, सनातन मंदिर में शनिवार को सामाजिक समरसता विषय पर सार्थक संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें केंद्रीय मंत्री देवजी भाई पटेल, विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्रीय व प्रांतीय पदाधिकारी और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य एक मंदिर, एक श्मशान, एक पनघट की भावना को जन-जन तक पहुंचाकर समाज में समरसता और समानता को मजबूती देना रहा। इस दौरान सभी अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन महाराज से आशीर्वाद लेने पहुंचे। स्वामीजी ने परंपरागत स्वागत कर समरसता के प्रयासों की सराहना की और कहा कि ÷सनातन संस्कृति का मूल ही समरसता है, जिसे सबको मिलकर मजबूत करना होगा।

केंद्रीय मंत्री पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के संकल्प के अनुरूप समाज में भाईचारे का माहौल बनाना जरूरी है।÷ उन्होंने हरिशेवा धाम और विहिप की पहल की सराहना की।

विहिप के सामाजिक समरसता प्रमुख राम सिंह व प्रांत प्रमुख विनीत द्विवेदी ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि गांव-गांव जाकर सामाजिक समरसता संवाद किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रांत धर्माचार्य प्रमुख बाल मुकुंद शर्मा, जिला उपाध्यक्ष भारत गेंगट, तथा महानगर विभाग से कमल राजपुरोहित, प्यारे लाल खोईवाल, गौरव जीनगर आदि उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वामी हंसराम का सम्मान कर उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। समापन पर भजन-संकीर्तन व प्रसादी वितरण भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया।

# डॉ. आयुषी दाधीच को लंदन में प्रतिष्ठित आईसीयू फैलोशिप

## शाहपुरा की बहू ने बढ़ाया परिवार व प्रदेश का मान

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



जन सेवा हॉस्पिटल (एसएस टांटिया मेडिकल कॉलेज) की एनेस्थेसिया विशेषज्ञ डॉ. आयुषी दाधीच को लंदन के होमरटन यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल, एनएचएस फाउंडेशन ट्रस्ट में आईसीयू फैलोशिप प्राप्त हुई है। यह फैलोशिप उन्हें ई-डैक परीक्षा व इंटरव्यू के बाद मिली। डॉ. आयुषी वर्तमान में वहीं सीनियर क्लिनिकल फेलो - आईसीयू के रूप में कार्यरत हैं। वे जेएलएन मेडिकल कॉलेज अजमेर से एमबीबीएस और एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर से एमडी कर चुकी हैं। उनके पास एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर का 6 वर्षों का अनुभव है, और वे यूके के जीएमसी में पंजीकृत चिकित्सक हैं।

डॉ. आयुषी शाहपुरा के व्यास परिवार से संबंध रखती हैं और डॉ. शाश्वत व्यास की पत्नी हैं, जो स्वयं स्कॉटलैंड से प्रशिक्षित सर्जन हैं।

उन्होंने कोविड काल में आईसीयू टीम का नेतृत्व किया और ब्रोंकोस्कोपी, वेंटिलेशन, ट्रेकियोस्टॉमी जैसी तकनीकों में दक्षता प्राप्त की। वे कई अंतरराष्ट्रीय शोध व मेडिकल कॉन्फ्रेंस का हिस्सा रही हैं।

टांटिया यूनिवर्सिटी के वाइस चेयरपर्सन डॉ. मोहित टांटिया ने इस उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि ÷डॉ. आयुषी ने अपने परिश्रम और ज्ञान से यह गौरव हासिल किया है।

# तिलस्वां शिवमहापुराण कथा महोत्सव के महाध्वज की स्थापना

## गांव-गांव पहुंचा निमंत्रण, मंदिरों में ध्वज अर्पण कर हुआ मनुहार यात्रा का शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ गुरला**

भगवान शिव को समर्पित सावन मास में इस वर्ष तिलस्वां महादेव की पुण्यभूमि पर विराट श्री तिलस्वां शिवमहापुराण कथा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन 1 से 7 अगस्त तक चलेगा । जिसमें न गौवत्स पं. विष्णुश्री कृष्णतनय महाराज अपने मुखारविंद से कथा वाचन करेंगे।



आयोजन की तैयारी के तहत महाध्वज स्थापना पूजन का आयोजन श्रद्धा और विधि-विधान से किया गया। साथ ही, महोत्सव के प्रचार-प्रसार हेतु सकल आम चौखला ऊपरमाल परिक्षेत्र के गांवों में ध्वजा अर्पण व निमंत्रण मनुहार यात्रा का शुभारंभ भी किया गया। यात्रा के माध्यम से भक्तों को महोत्सव में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।

इस शुभ अवसर पर रमेशचंद्र त्रिपाठी, हरिप्रकाश पारीक, भगवान काष्ठ, सुभाष शर्मा, ओमप्रकाश माहेश्वरी, रतन शर्मा, मुकेश जोशी, सुनील शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ग्रीन लिटिल बेबी' श्रेया कुमावत को पर्यावरण संरक्षण के लिए सम्मान

## आदर्श विद्या मंदिर में वृक्षारोपण व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

आदर्श विद्या मंदिर, गांधीपुरी में आयोजित वृक्षारोपण व पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम में 'ग्रीन लिटिल बेबी' के नाम से प्रसिद्ध श्रेया कुमावत को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने उन्हें उपरणा ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान प्रदान किया।

विद्यालय प्रधानाचार्य दुर्गा लाल जांगिड़ ने श्रेया के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। श्रेया ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रत्येक छात्र को कम से कम दो पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने की सलाह दी। उन्होंने सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर भी जागरूक किया और सीड बॉल के अधिक उपयोग का आह्वान किया।

कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थी, बहन-भाई व अभिभावकगण उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

## ई-मित्र कियोस्क पर अनियमितताओं के खिलाफ कार्रवाई

# निरीक्षण में 5 कियोस्कों पर नियम उल्लंघन पाए जाने पर लगाया जुर्माना

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधु के निर्देश पर आमजन को सरकारी सेवाओं का सुचारु लाभ मिले, इसके लिए सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा ई-मित्र कियोस्कों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के लिए दो टीमों का गठन कर जिला मुख्यालय क्षेत्र के कियोस्कों की जांच की गई।

संयुक्त निदेशक पवन नानकानी ने बताया कि जांच के दौरान कई ई-मित्र कियोस्क पर सेवाओं की दर सूची नहीं लगी हुई थी, को-ब्रांडेड बैनर अनुपस्थित थे, कुछ संचालकों ने निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूली और कई कियोस्क संचालक आईडी कार्ड भी नहीं पहने हुए मिले। इन अनियमितताओं पर पांच कियोस्कों के विरुद्ध नियमानुसार जुर्माने की कार्रवाई की गई है।

निरीक्षण दल में एसीपी नवनीत कुमार सोमानी, प्रोग्रामर जाकिर अहमद काजी, मनोज कुमार धाकड़, सहायक प्रोग्रामर शांतिस्वरूप जीनगर व सूचना सहायक निरंजन खोईवाल शामिल रहे।




'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ



**QUICK BITES**

## रामफूल धाकड़ बने अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा राष्ट्रीय प्रवक्ता

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



( मानव तिवाड़ी ) तहसील क्षेत्र निवासी रामफूल धाकड़ को अखिल भारतीय श्री धाकड़ महासभा भारत वर्ष की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय प्रवक्ता पद पर मनोनीत किया गया है। यह नियुक्ति संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी को देखते हुए की गई है।
राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसीराम धाकड़ द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में रामफूल धाकड़ को संगठन की मर्यादा, नीतियों व उद्देश्यों का पालन करते हुए अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठा और ईमानदारी से निभाने की अपेक्षा जताई गई है। साथ ही उम्मीद की गई है कि वे संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती प्रदान करेंगे।
रामफूल धाकड़ की नियुक्ति पर क्षेत्र में खुशी की लहर है और सामाजिक संगठनों सहित अनेक लोगों ने उन्हें बधाइयाँ दी हैं।

## बेटी को बचाने उतरी मां भी डूबी फार्म पोंड में, दोनों की मौत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

कालबेलियों का झोंपड़ा गांव में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में मां-बेटी की फार्म पोंड में डूबने से मौत हो गई। घटना उस वक्त हुई जब बकरियों को पोंड से निकालने उतरी बेटी गहराई में फंस गई, और उसे बचाने पहुंची मां भी डूब गई।
पुलिस ने बताया कि उदा कालबेलिया की पत्नी पार्वती (42) और बेटी मीना (12) बकरियां चराने गांव के पास स्थित सरकारी फार्म पोंड के पास गई थीं। इसी दौरान कुछ बकरियां पोंड में चली गईं। मीना उन्हें बाहर निकालने उतरी लेकिन पानी की गहराई में डूबने लगी।
बेटी को डूबता देख मां पार्वती उसे बचाने के लिए पोंड में उतरी, मगर वह भी पानी की गहराई में समा गई।
घटना की सूचना मिलते ही शक्करगढ़ थाना पुलिस और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से काफी प्रयासों के बाद मां और बेटी के शवों को फार्म पोंड से बाहर निकाला गया। पुलिस ने दोनों शवों को काछोला अस्पताल भिजवाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## एक पेड़ मां के नाम' अभियान के नगर संयोजक बने चेतन वैष्णव

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष पंकज सुगंधी की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने चेतन वैष्णव को शाहपुरा नगर संयोजक नियुक्त किया।
चेतन वैष्णव ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ मातृभूमि के प्रति सम्मान का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से चल रहे इस अभियान के तहत नगर में 101 पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है, जिसकी शुरुआत शनिवार से हो चुकी है।

## लायंस क्लब भीलवाड़ा सिटी की नई कार्यकारिणी का पदस्थापना समारोह सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



लायंस क्लब भीलवाड़ा सिटी की वर्ष 2025-26 की नई कार्यकारिणी का पदस्थापना समारोह हर्षोल्लास के साथ एक निजी होटल में आयोजित हुआ। एमजेएफ लायन निशांत जैन ने अध्यक्ष लायन अतुल राठी, सचिव लायन दिनेश सोनी और कोषाध्यक्ष लायन नंदकिशोर दरक सहित नई टीम को शपथ दिलाई। समारोह के मुख्य अतिथि एमजेएफ लायन एसके बंसल थे। मंच पर एमजेएफ लायन दिलीप तोषनीवाल, लायन विनोद सिंघवी व लायन चांदमल सोमानी भी उपस्थित रहे। नव-निर्वाचित अध्यक्ष लायन अतुल राठी ने समाज सेवा को प्राथमिकता देते हुए आगामी सेवा योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि लायंस क्लब के माध्यम से समाज सेवा करने का सबसे अच्छा तरीका है। समारोह में क्लब के वरिष्ठ सदस्य, महिला सदस्याएं और गणमान्य जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संचालन शिखा बाहेती और कमल मोदी ने किया, जबकि आभार पूर्व अध्यक्ष भानु जैन ने जताया।

### सामायिक से मिलता समभाव का बोध, चातुर्मास आत्मशुद्धि का अवसर - महाप्रज्ञा म.सा.

# सुभाषनगर स्थानक में चातुर्मासिक धर्मसभा, भजनों व प्रवचनों से मिला आध्यात्मिक संदेश






भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

सुभाषनगर श्रीसंघ के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मासिक धर्मसभा में महासाध्वी महाप्रज्ञा म.सा. ने कहा कि सामायिक आत्मिक समता और समभाव सिखाती है। यह 84 लाख योनियों से मुक्ति का मार्ग है। धर्म जीवन रूपी गाड़ी का ईंधन है, जो मोक्ष की ओर ले जाता है।
धर्मसभा में महासाध्वी डॉ. कुमुदलता म.सा. ने चातुर्मास को आत्मकल्याण का समय बताया और कहा कि मनुष्य भव मिलना सौभाग्य है, परंतु पशु कर्म का क्षय धर्म आराधना से ही संभव है।
साध्वी पद्मकीर्तिजी म.सा. ने सुख विपाक सूत्र का वाचन करते हुए कहा कि सुख भौतिक नहीं, आध्यात्मिक साधना में है। सुख-दुख जीवन के हिस्से हैं, इन पर प्रतिक्रिया नहीं, समझ होनी चाहिए।
कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र सुराना ने किया। बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने उपवास, आयंबिल व तप का प्रत्याख्यान लिया। प्रतिदिन प्रवचन सुबह 8-45 से और धर्मचर्चा दोपहर 2-30 से की जा रही है।

# भगवान आदिनाथ की दिव्य मूर्तियों के स्वागत में गूंज उठा गुलगांव, श्रद्धा और भक्ति से सराबोर हुआ माहौल

### गुणोदय तीर्थ के लिए निकली शोभायात्रा बनी आस्था का विराट संगम

भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी

**दिलखुश मोटीस**

गुलगांव की धरती पर धर्म, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम शनिवार को देखने को मिला, जब भगवान आदिनाथ की तीन विशाल दिव्य प्रतिमाएं गांव की सीमा में प्रवेश करते ही पूरा वातावरण जयघोष, ढोल-नगाड़ों और श्रद्धा के समर्पण से गूंज उठा।
जयपुर की पवित्र मिट्टी से निर्मित, अशोकनगर में मुनि सुधासागर महाराज के सान्निध्य में तिलक संस्कार प्राप्त कर, अब ये प्रतिमाएं गुणोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र (केकड़ी) में विराजमान होने को अग्रसर हैं। ये प्रतिमाएं मात्र पत्थर नहीं, बल्कि जैन संस्कृति और आस्था की जीवंत प्रतीक बनकर पहुंचीं।



गुलगांव में जैसे ही 18 फीट ऊंची पद्मासन मुद्रा में भगवान आदिनाथ की प्रतिमा और 15-15 फीट की अन्य दो प्रतिमाएं सजे-धजे ट्रेलरों में पहुंचीं, श्रद्धालुओं की भावनाएं चरम पर थीं। जय-जयकार के बीच निकली भव्य शोभायात्रा ने हर दिल को भावविभोर कर दिया।
गुणोदय तीर्थ क्षेत्र के प्रवक्ता धनेश जैन ने बताया कि यह तीर्थ क्षेत्र राजस्थान के धार्मिक मानचित्र पर एक अद्वितीय पहचान स्थापित करेगा। यहां 24 तीर्थंकरों के 24 मंदिरों के साथ एक विशाल जिनालय का निर्माण प्रगति पर है, जिसमें ये दिव्य प्रतिमाएं अपनी अनुपम शोभा से चार चांद लगाएंगी। इस धार्मिक महायात्रा में महावीर प्रसाद , पारसमल अजगरा परिवार एवं प्रदीप भैया परिवार ने पुण्यलाभ अर्जित करते हुए प्रतिमाओं की स्थापना में सहयोग किया। इस पुण्य अवसर पर ओमप्रकाश जैन (अध्यक्ष), सरपंच गोविंद जैन, ताराचंद जैन, भागचंद राटा, टीकमचंद राटा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# श्रावण में शिवभक्ति की अनूठी पहलः भीलवाड़ा नगर निगम का 70 अभिषेकों का संकल्प





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्रावण मास में शिवभक्ति को समर्पित ÷70 वार्डों में 70 सहस्त्रधारा अभिषेक÷ श्रृंखला के तहत शनिवार को वार्ड 23, 63 व 65 के शिवालयों में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सहस्त्रधारा अभिषेक हुआ। कार्यक्रम महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।
वार्ड 65 स्थित रामाविहार गार्डन शिवालय में आयोजित अभिषेक में पूर्व सांसद सुभाष बहेड़िया, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, भाजपा महामंत्री भगवती प्रसाद जोशी, पार्षद कांता देवी शर्मा उपस्थित रहे। वार्ड 23 में हनुमत धाम आश्रम शिवालय में महंत रामदास रामायणी के सान्निध्य में पार्षद पं. अशोक शर्मा एवं लीला शर्मा की उपस्थिति में पूजन हुआ।
वहीं, वार्ड 63 के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में आचार्य योगेन्द्र शास्त्री और सहयोगी पंडितों ने विधिपूर्वक सहस्त्रधारा कराया। पार्षद शांतिलाल डाड, आशा डाड सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।
कार्यक्रम संयोजक ओम साईंराम एवं सह संयोजक पुनीत प्रताप सिंह के निर्देशन में सम्पन्न हुआ । इस आयोजन में अंकुर बोरदिया, ऋतु शेखर शर्मा, नागेन्द्र सिंह राव, अनिल सिंह जादौन, रामसिंह शक्तावत, लव कुमार जोशी, गजेंद्र सिंह, दीपक पाराशर, ओम लड्ढा, सीमा डाड, शेरसिंह राठौड़, राजेंद्र माहेश्वरी सहित अनेक भक्तजन उपस्थित रहे।

### आज वार्ड 31 और 48 में होगा सहस्त्रधारा अभिषेक -

नगर निगम द्वारा आयोजित श्रावण मास सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम आज रविवार को 2 वार्डों में आयोजित होगा। जिसके तहत सुबह 11 बजे वार्ड 31 के अंतर्गत मुखर्जी पार्क स्थित मंदिर में एवं सायं 4 बजे वार्ड 48 में स्थित सुखवाल भवन मंदिर में अभिषेक का कार्यक्रम रहेगा।

# आस्था विश्वास के साथ अखेपुर में चारभुजानाथ मंदिर निर्माण की नींव रखी , गांव में छाया भक्ति का माहौल

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**

उपखंड क्षेत्र के निकटवर्ती गांव अखेपुर में शनिवार को धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ श्री चारभुजानाथ मंदिर के नए निर्माण की नींव स्थापना मंत्रोच्चार के साथ विधिवत रूप से संपन्न हुई। सवा 55 लाख रुपये की लागत से सफेद संगमरमर में बनने वाले इस भव्य शिखरबंद मंदिर का शुभारंभ गांववासियों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ किया गया। सुबह से ही गांव में धार्मिक उल्लास का माहौल बना रहा। मंदिर निर्माण समिति के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में गांव के गणमान्य नागरिक, महिलाएं, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विद्वान पंडितों ने मंदिर निर्माण की नींव डालने से पूर्व चारभुजानाथ भगवान की प्राचीन प्रतिमा को विधि-विधान से अस्थायी स्थल पर स्थापित किया। इसके बाद मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन और नींव स्थापना की रस्म अदा की गई। मंदिर निर्माण समिति के सदस्य भवानी शंकर चोधरी ने बताया कि पुराने मंदिर का स्वरूप अब पूरी तरह से बदला जाएगा। सफेद संगमरमर से बनने वाले इस नए मंदिर में अत्याधुनिक स्थापत्य कला का समावेश रहेगा। मंदिर के निर्माण कार्य में सवा 55 लाख रुपये की लागत से दो वर्षों में पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है।



### गांव की आस्था को मिलेगा नया स्वरूप -

चारभुजानाथ मंदिर अखेपुर गांव में केवल पूजा का स्थल नहीं बल्कि सामाजिक एकता का भी केंद्र रहा है। यहां हर वर्ष धार्मिक मेले, भजन संध्याएं, अन्नकूट महोत्सव, विवाह संस्कार और अन्य धार्मिक आयोजन होते रहे है। वर्षों पुराना यह मंदिर अब अपनी भव्यता के साथ ग्रामीणों की आस्था को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। भवानी शंकर ने बताया कि मंदिर निर्माण में गांव के भामाशाहों और श्रद्धालुओं का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। कई परिवारों ने निर्माण कार्य में आर्थिक और श्रमदान के रूप में योगदान देने का संकल्प लिया है। इस परियोजना को लेकर पूरे गांव में उत्साह देखा जा रहा है।

### गांव में भक्ति रस में डूबा वातावरण-

शनिवार को नींव स्थापना कार्यक्रम के दौरान पूरे गांव में भक्ति रस का माहौल देखने को मिला। गांव की गलियों से लेकर मंदिर परिसर तक हर स्थान पर सजावट की गई थी। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में मंगल गीत गाती हुई मंदिर प्रांगण में पहुंचीं। वहीं युवाओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर भजनों की प्रस्तुति दी। अखेपुर कस्बे के बुजुर्गों ने बताया कि वह कई वर्षों से इस मंदिर में सेवा कार्य कर रहे हैं। आज जब मंदिर को नया स्वरूप देने की शुरुआत हो रही है तो यह पूरे गांव के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण के बाद आने वाली पीढ़ियों के लिए यह आस्था का प्रमुख केंद्र बनकर रहेगा।

### शिखरबंद शैली में बनेगा मंदिर -

मंदिर निर्माण समिति के अनुसार नया मंदिर पारंपरिक शिखरबंद शैली में तैयार किया जाएगा। इसमें मुख्य गर्भगृह, मंडप, प्रवेश द्वार, सभा मंडप और अन्य आवश्यक कक्ष बनाए जाएंगे। मंदिर परिसर में सुंदर बगीचा, जलकुंड और विश्राम गृह भी प्रस्तावित हैं। संरचना का डिजाइन पहले ही विशेषज्ञ वास्तुविदों द्वारा तैयार कर लिया गया है। निर्माण में उच्च गुणवत्ता के सफेद संगमरमर का उपयोग होगा जिसे विशेष रूप से राजस्थान के ख्यातनाम खनिज क्षेत्र से मंगवाया जाएगा। नींव स्थापना के मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्य वर्षों से लंबित था जिसे अब पूरा करने का शुभ अवसर आया है। गांव के युवा नेता दीपक शर्मा ने बताया कि मंदिर निर्माण से गांव की सांस्कृतिक गतिविधियों को और गति मिलेगी। उन्होंने सभी ग्रामीणों से इसमें बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील भी की है। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर निर्माण के सफल और शीघ्र पूर्ण होने की कामना की। ग्रामीणों ने कहा कि आने वाले दो वर्षों में जब यह मंदिर पूर्णरूप से बनकर तैयार होगा तब अखेपुर गांव एक नई पहचान के साथ धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर भी उभरेगा।

# जेएसजी बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता में आदिनाथ इलेवन व पद्मावती इलेवन बने विजेता

## खेलों से संगठन में बढ़ता है मैत्री भाव- गोखरू

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जेएसजी भीलवाड़ा मेन व संगिनी जेएसजी के संयुक्त तत्वावधान में एलटूसी कॉलेज परिसर में आयोजित प्रथम बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबलों में पुरुष वर्ग में आदिनाथ इलेवन और महिला वर्ग में पद्मावती इलेवन विजेता बने।

ग्रुप अध्यक्ष प्रदीप सांखला व सचिव अनिल चौधरी ने बताया कि पुरुष वर्ग में आदिनाथ इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 10 ओवर में 122 रन बनाए। जवाब में पार्श्वनाथ इलेवन 101 रन पर सिमट गई। आदिनाथ की



जीत में दर्श बाफना ने 3, मोहित भंडारी ने 2 और शौकिन डागा ने 1 विकेट लिया। महिला वर्ग में संगिनी सचिव प्रमिला गोखरू ने बताया कि पद्मावती इलेवन ने अंतिम गेंद पर रोमांचक जीत दर्ज की। चंदनबाला टीम ने पहले खेलते हुए 46 रन बनाए, जिसे पद्मावती टीम ने आखिरी गेंद पर हासिल कर लिया। पुरस्कार वितरण में संस्थापक अध्यक्ष राजेन्द्र गोखरू व संगिनी अध्यक्ष पुष्पा गोखरू ने कहा कि खेल समाज व संगठन में सौहार्द और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

# डीएसटी टीम की कार्रवाईः 4 साल से फरार 5 हजार के इनामी आरोपी को दबोचा

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डल

भीलवाड़ा की डीएसटी टीम ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना माण्डल के दो आर्म्स एक्ट प्रकरणों में वांछित चल रहे ?5 हजार के इनामी आरोपी सांवर रेबारी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पिछले चार वर्षों से फरार था और अहमदाबाद के आसपास छिपा हुआ था।

थानाधिकारी विक्रम सिंह सोलंकी के नेतृत्व में गठित टीम ने आरोपी की गुप्त लोकेशन का पता लगाकर उसे गुजरात से डिटेन किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सांवर रेबारी पिता मांगीलाल (उम्र 30), निवासी रेबारियों की ढाणी, थाना देवगढ़, जिला राजसमंद है। पुलिस ने बताया कि वर्ष 2021 में आरोपी ने माण्डल क्षेत्र में बिना लाइसेंस हथियार लेकर अवैध रूप से घूमने की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में पूर्व में एक अन्य आरोपी गेहरालाल पिता प्रभुलाल गुर्जर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा चुका है, जबकि सांवर रेबारी तब से फरार चल रहा था।

भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक ने आरोपी पर ?5000 का इनाम घोषित कर रखा था। डीएसटी टीम की लगातार निगरानी और सूचना तंत्र के चलते आरोपी को आखिरकार गिरफ्तार किया जा सका। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को माण्डल थाने लाकर पूछताछ की गई और न्यायालय में पेश किया गया।



## व्यंग्य

व्यंग्य की मार में छुपा शाहपुरा की बदहाली का आईना, पढ़िए कवि दिनेश बंटी की कलम से सपनों का शाहपुरा,
असल में बिल्कुल फिजूल! - अब तेरा क्या होगा रे शाहपुरा कहते हैं शहर तो बस नाम का रह गया,
कागजों में विकास और जमीं पर सिर्फ धूल रह गया। शहर के नाम बड़े और दर्शन छोटे, कागजों में जिले का दर्जा, और हकीकत में गड्ढों से भरा रास्ता।
शाहपुरा आज भी वहीं खड़ा है,
जहां पचास साल पहले था खड़ा!
शाहपुरा का किस्सा अब ऐसा हो चला है कि हर गली, हर नुक्कड़ पर लोग एक-दूसरे से पूछते हैं। भाई, आज क्या नया तमाशा हुआ? क्योंकि यहां हर दिन कोई नया मजाक शहर के साथ होता है।
शाहपुरा की हालत देखकर अब दिल से एक ही बात निकलती है, अब तेरा क्या होगा रे शाहपुरा? हर बार इस शहर के माथे पर विकास का तिलक तो लगाया गया, लेकिन काजल की जगह कालिख ही पुती।
कभी रेल आने वाली थी। खूब बातें चलीं, मीटिंग हुई, भूमिपूजन हुआ। लेकिन हुआ क्या? सिर्फ रेलवे ट्रैक बिछा, और वो भी ऐसा कि जैसे किसी कलाकार ने दीवार पर लाइन खींच दी हो। ट्रेन आई नहीं, और लोग अब उस ट्रैक पर साइकिल चलाकर ही अपना मन बहलाते हैं।
कॉटन मिल को ही देख लीजिए। पहले तो लगता था कि यहां रोजगार मिलेगा, शाहपुरा में मजदूरों के घरों में चूल्हा जलेगा। पर अब वो जैसे भूत बंगले का सेट। वहां कभी-कभी गाय-भैंस चरते हैं और रात में कुत्ते भी डर के भाग जाते हैं।

### कविता की कुछ कड़वी पंक्तियाँ-

कुर्सी बदली, कुर्सी वाला बदला,
पर शहर की गलियाँ वहीं की वहीं सड़ी रहीं।
कागजों में विकास, फाइलों में उड़ता धूल,
सपनों का शाहपुरा, असल में बिल्कुल फिजूल!
अब बात आती है जिला बनने की। कितनी उम्मीदें जगीं थीं। लोग मिठाई बांटने निकल पड़े थे। वो साब हो गया जो जिले में हो। प्रोपर्टी के भाव सातवें आसमान पर ऐसे बढ़े जैसे प्रदेश की राजधानी ही शाहपुरा बन गयी। लेकिन वो सब बस सपना ही रह गया। दिल्ली में बैठकर जिला की फाइल बंद हो गई और शाहपुरा फिर वहीं का वहीं। ऐसा लगा जैसे किसी ने नवजात बच्चे का नामकरण तो कर दिया लेकिन उसे जीने नहीं दिया।
फिर नगर परिषद बनी, तो उम्मीद जगी कि शायद अब कुछ बदले। लेकिन किस्मत में तो तीसरी श्रेणी की नगर पालिका ही थी। विकास की गंगा तो क्या बहती, यहां तो नाली का पानी भी ढंग से नहीं बहता। सड़कों पर तो चल कर ही देखा जा सकता है कि क्या अनुभव है।
शाहपुरा की कुंडली में इतने राहु-केतु और शनि बैठे हैं कि बड़े-बड़े पंडित भी देख कर सिर खुजाने लगते हैं। उपाय बताया गया था कि सरसों का तेल चढ़ाओ। लोगों ने चढ़ाया भी, लेकिन हालत यह हो गई कि तेल बह-बहकर गली-मोहल्लों में फैलने लगा। ऐसा लगा जैसे शनि महाराज भी शाहपुरा के हालात से परेशान होकर खुद तेल में तैरने लगे हों!
अब सुनिए असली तमाशा। नगर परिषद के चेयरमेन साहब एक दिन छत पर चढ़े शहर के विकास का जायजा लेने। पर हुआ ये कि नीचे उतरने वाली सीढ़ी ही किसी ने हटा दी। और साहब छत पर ही अटके रह गए। आखिरकार उन्हें डामर के दो ढोल एक के ऊपर एक रखकर नीचे उतारा गया। नीचे आते ही लोगों ने ताली बजाई, बधाइयाँ दीं। कोई बोला बधाई हो साहब! ऊपर गये थे तो सभापति थे, नीचे उतरे तो सिर्फ पति रह गये। चेयरमेन साहब ने भी मुस्कुराते हुए कहा कोई बात नहीं, कुर्सी वही है, ऑफिस वही है!

**अब इससे ज्यादा हास्यास्पद स्थिति और क्या होगी?**

किसी ने मजाक में कह भी दिया साहब, अब जिला अस्पताल से जिला शब्द हटा दो। डॉक्टरों को हटा कर कंपाउंडर रख दो। नई बिल्डिंग खोलकर किसी और जगह भेज दो। स्कूलों को भी घटा दो उच्च माध्यमिक विद्यालय को प्राथमिक विद्यालय बना दो। शायद तब कहीं विकास की गंगा बहे।
अब ये हालत देखकर तो यही लगता है कि शाहपुरा की तेरहवीं रखनी चाहिए। सब लोग सफेद कुर्ता-पायजामा पहनकर आएं। रंगीन कपड़े पहनने का सवाल ही नहीं, वरना लोग कहेंगे इनको कोई गम ही नहीं?

### कवि दिनेश बंटी लिखते हैं-

तेरहवीं में भी करेले की सब्जी,
क्योंकि यही स्वाद बचा है इस शहर में अभी।
कुर्सी वही, कुर्सी पर बैठने वाला वही,
पर शहर का हाल बेहाल वही का वही।

### कुछ और तीखी पंक्तियाँ भी पेश हैं-

शाहपुरा का विकास देख रोये पत्थर,
कागजों में पुल और सड़कों के सपने,
हकीकत में बस धूल और गड्ढे।
नेता आये, वादे किये,
फिर खुद भी भूल गये कि कभी शाहपुरा भी था।
आज की तारीख में हालत ऐसी हो गई है कि अगर कोई नया आदमी यहां आ जाए तो पूछेगा भाई, ये शहर है या कोई मजाक?
लोग हंसी में भी कहते हैं यहां राजनीति है, योजनाएं हैं, लेकिन शहर की हालत वही ढाक के तीन पात!

### अंत में कवि दिनेश बंटी की तरफ से निवेदन है

अगर किसी दिन आपको शाहपुरा के हालात पर सच में दुख हो,
तो तेरहवीं में आकर कड़वा ग्रास जरूर खाइए।
क्योंकि कड़वा खाकर ही शायद आपको ये बात समझ में आए,
कि हम सब सालों से इस शहर में कड़वा ही तो चबा रहे हैं।
बकौल कवि दिनेश-अब तो यही कहने का मन करता है
अब तेरा क्या होगा रे शाहपुरा!



### और सबसे तीखी बात-

यहां विकास की बात करना वैसा ही है जैसे रेत में बीज बोना। यहां नेता आते हैं, भाषण देते हैं, फिर चले जाते हैं, जैसे बारात बिना दूल्हे के।
अब शाहपुरा की किस्मत सुधारनी है तो पहले कुर्सियों के पीछे भागना छोड़कर शहर से सच्चा प्यार करना होगा। वरना आगे भी यही कहना पड़ेगा

**अब तेरा क्या होगा रे**

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890